# शांति Important Questions || Class 11 Political Science Chapter 9 in Hindi ||

## 1 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 शांति से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** युद्ध रहित व्यवस्था अर्थात् युद्धों का अभाव ।

**प्रश्न 2 शांति का क्या महत्व है?**

**उत्तर :** विश्व में विकास के लिये जरूरी।

**प्रश्न 3 शांति के मार्ग की कोई दो बाधाएं लिखें।**

**उत्तर :** आंतकवादी व शस्त्रों की होड़।

**प्रश्न 4 आधुनिक अन्र्तराष्ट्रीय समाज की मांग क्या है?**

**उत्तर :** विश्व शांति।

**प्रश्न 5 संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?**

**उत्तर :** 24 अक्टूबर 1945

**प्रश्न 6 संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य क्या था?**

**उत्तर :** विश्व में शांति कायम करना।

**प्रश्न 7 सिद्धांतकार विल्फ्रेडों पैरेटो ने ताकत का इस्तेमाल करने वालों की तुलना किससे की?**

**उत्तर :** शेर से।

**प्रश्न 8 संरचनात्मक हिसा का क्या अर्थ है?**

**उत्तर :** जाति, धर्म, नस्ल, रंग, लिंग पर आधारित हिंसा।

**प्रश्न 9 शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का अर्थ लिखें?**

**उत्तर :** शांतिपूर्ण सहयोग से स्वंय जीना व जीने देना।

**प्रश्न 10 युद्ध करना कब उचित हो सकता है?**

**उत्तर :** अपनी रक्षा एवं शांति कायम करने वाली स्थिति में।

## 2 अंकीय प्रश्न

**प्रश्न 1 असमानता किस प्रकार शांति को हानि पहुंचा सकती है?**

**उत्तर :** शांति व समरसतापूर्ण सम्बन्धों को अभाव होगा, प्रतिद्वन्द्विता एवं घृणा का साम्राज्य होगा।

**प्रश्न 2 हमारे समाज में हिंसा बढ़ने या पनपने के क्या कारण है?**

**उत्तर :** (i) जातिगत, साम्प्रदायवाद क्षेत्रवाद

(ii) आपसी ईर्ष्या व स्वार्थपरकता।

**प्रश्न 3 हिंसा को कैसे समाप्त किया जा सकता है?**

**उत्तर :** लोगों के मस्तिष्क व आत्मा से हिंसक सोच को हटाना होगा। करूणा, ध्यान व आत्ममन्थन के द्वारा।

**प्रश्न 4 शांति स्थापना में राज्य का क्या सम्बन्ध है?**

**उत्तर :** (i) मानव जाति के साथ समान व्यवहार ।

(ii) शांति व मानव कल्याण हेतु राज्य बल का प्रयोग।

**प्रश्न 5 निः शस्त्रीकरण से आप क्या समझते है?**

**उत्तर :** हथियार न बनना अथवा उनको सीमित करना।

**प्रश्न 6 लोग शांति का गुणगान क्यों करते हैं?**

**उत्तर :** इसके अभाव में उन्होंने बहुत कुछ खोया है।

https://www.evidyarthi.in/